एक नजर में

1 लाख की शराब जब्त, तस्कर को भेजा जेल

इंदौर . जिले में अवैध शराब और नशीले पदार्थों के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है . जिसके तहत कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया . देपालपुर, बम्बई बाजार और काछी मोहल्ला क्षेत्र में एक साथ दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध शराब और कच्चा माल जब्त किया . यहां से विभाग ने 1 लाख 30 हजार की अवैध शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया . सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि देपालपुर क्षेत्र के ग्राम धन्नड, धरावदा और बागोदा में छापेमारी कर 50 लीटर हाथभट्टी शराब और 500 किलो महुआ लहान जब्त कर मौके पर ही नष्ट कर दिया . आबकारी विभाग ने इस दौरान सात प्रकरण दर्ज कर 60 हजार का माल जब्त किया . इसके अलावा देपालपुर क्षेत्र की टीम ने बेटमा के खटीक मोहल्ला स्थित एक मकान पर दबिश दी, जहां से कुख्यात शराब तस्कर राज वर्मा के घर से 70 हजार 500 रुपए की 17 पेटी देशी शराब जब्त की. पुलिस ने आरोपी कि वीडियोग्राफी कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया . मामले में अभिषेक तिवारी का कहना है कि आरोपी राज वर्मा के खिलाफ पहले भी कार्रवाई की जा चुकी है और वह क्षेत्र में शराब तस्करी के लिए कुख्यात है .

नगर परिषद की तत्परता से मिला समाधान

देपालपुर . बारिश के मौसम में फिसलन और दुर्घटना की आशंका के चलते

देपालपुर के स्थानीय नागरिकों ने अपने वार्ड में निकल मार्ग पर मिट्टी होने की समस्या को गंभीरता से उठाया . नागरिकों की चिंता को समझते हुए वार्ड पार्षद नानू सिंगार ने सक्रिय भूमिका निभाई और नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि महेशपुरी गोस्वामी से मुलाकात कर समाधान की मांग की. समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि महेशपुरी गोस्वामी ने तत्काल कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया . उन्होंने फिसलन भरे मार्ग पर डलाई मोरम का कार्य करवाकर नागरिकों को राहत प्रदान की . वार्ड वासियों ने नगर परिषद की इस त्वरित कार्यवाही की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया . सभी ने एकजुट होकर यह बताया कि प्रशासन की इस संवेदनशीलता से बरसात के दिनों में राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी .

रामनगर में मूलभूत सुविधाओं का आभाव

देपालपुर . नगर परिषद की सीमा से सटे ग्राम पंचायत तकीपुरा के अंतर्गत आने

वाला रामनगर क्षेत्र, मंगलवारिया हाट के समीप स्थित है. इस क्षेत्र के रहवासियों को लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव और प्रशासनिक अनदेखी की वजह से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है . रामनगर निवासी धीरज कांवरिया के अनुसार, मंगलवारिया का पशु बाजार मध्य प्रदेश में प्रसिद्ध है, जहां विभिन्न राज्यों से व्यापारी अपने पशुओं को बेचने आते हैं । इस दौरान बाजार की भीड़ आसपास के इलाकों में फैल जाती है, जिससे स्थानीय लोगों को विशेष रूप से बच्चों को स्कूल भेजने में कठिनाई होती है, हालांकि नगर परिषद को इस बाजार से राजस्व प्राप्त होता है, लेकिन व्यापारियों को कोई सुविधाएं नहीं दी जातीं और बाजार समाप्त होने के बाद क्षेत्र में गंदगी फैल जाती है । जब स्थानीय लोग शिकायत लेकर नगर परिषद जाते हैं तो मामला ग्राम पंचायत तकीपुरा का बताकर जिम्मेदारी से बचा जाता है . समस्या से त्रस्त होकर रामनगर के रहवासियों ने आज अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने क्षेत्र की सफाई, बच्चों की सुरक्षा और प्रशासनिक सहयोग की मांग की है .

हरदा मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर ज्ञापन

इंदौर . विगत दिनों हरदा जिले में करणी सेना अध्यक्ष जीवन सिंह की गिरफ्तारी को लेकर छात्रों द्वारा शांतिपूर्ण रूप से आंदोलन किया जा रहा था जिस पर हरदा पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज एवं आंसू गैस का उपयोग किया गया . जिसमें कहीं छात्र घायल हो गए वहीं पुलिस द्वारा छात्रों पर प्रकरण भी दर्ज किया गया किसी को लेकर करणी सेना परिवार इंदौर जिला प्रभारी संभागीय उपाध्यक्ष दक्षराज सिंह शक्तावत एवं राष्ट्रीय हिंदू संगठन के इंदौर संभाग प्रभारी दिनेश राजनोद द्वारा दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई निलंबन एवं छात्रों के विरुद्ध दर्ज किए गए प्रकरण वापस लेने की मांग को लेकर मध्य प्रदेश शासन के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर श्री अजय भूषण शुक्ला को दिया इस दौरान करणी सेवा परिवार के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के सदस्य उपस्थित थे द्य

व्यवसायिक बीएफएसआई पाठ्यक्रम संचालन का निरीक्षण

महू . तहसील महू के भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025-26 से अपरेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम (एईडीपी) के तहत बीकाम इन बैंकिंग, फाइनेंसियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस (बीएफ एसआई) कोर्सेस की शुरुआत की गई है . उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एडमिशन और कोर्स संचालन के निरीक्षण हेतु पूजा कपूर और सदस्यों द्वारा शनिवार को महाविद्यालय का दौरा किया . महाविद्यालय प्राचार्य डा . प्रवीण ओझा ने कोर्स के प्रचार-प्रसार और एडमिशन से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी निरीक्षण टीम को दी . जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एड निलेश पाटीदार ने शासन की योजना की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के व्यावसायिक पाठ्यक्रम अन्य संकायों में भी प्रारंभ करने की अपील की . एईडीपी कोर्स की नोडल अधिकारी डा . कुसुम राय ने बताया कि पूर्व में 30 सीटों पर ही विद्यार्थियों को एडमिशन प्रदान करना था । जिसमें 21 विद्यार्थियों ने इस नए कोर्स में दाखिला ले लिया है . एडमिशन से संबंधित तृतीय राउंड में 51 विद्यार्थियों को अलाटमेंट प्रदान किया गया . अब उच्च शिक्षा विभाग ने सीट बढ़ा दी है जिससे वर्तमान में जारी एडमिशन राउंड में पर्याप्त संख्या में एडमिशन होने की पूरी संभावना है . इस दौरान भोपाल एईडीपी कंसल्टेंट पूजा कपूर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पाठ्यक्रमों की विशेषता से विद्यार्थियों का परिचय कराया . उन्होंने बताया कि कोर्स में छात्रों को स्नातक की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में 6 से 12 महीने की अप्रेंटिसशिप दी जाएगी ।

जंगलों में बनाता था अवैध देशी पिस्टल और कट्टा

- क्राइम ब्रांच ने इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार
- इंदौर सहित अन्य इलाकों में करता था सप्लाय

इंदौर. शहर में अवैध हथियारों की तस्करी को लेकर लगातार दबिश दे रही क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है. टीम ने दस हजार के इनामी व लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी जंगलों में अवैध देशी पिस्टल और कट्टों का निर्माण कर उन्हें इंदौर सहित अन्य इलाकों में बेचने का काम करता था.

एडीशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने बताया कि 30 वर्षीय आरोपी आजाद सिंह पिता सुदान सिंह भाटिया निवासी ग्राम उमेठी, थाना वरला, जिला बड़वानी, प्राथमिक शिक्षा के बाद खेती-किसानी के साथ-साथ

आजाद

अवैध हथियार निर्माण में लिप्त हो गया था. उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त अपराध ने दस हजार के इनाम की घोषणा की थी. इस गिरोह का एक अन्य सदस्य हिरमल पिता सिलदार चौहान, निवासी छेगांव थाना वरला, जिला बड़वानी को क्राइम ब्रांच ने मंगलवार 6 मई को तीन ईमली सुलभ शौचालय के पास से दबोचा था. उसके कब्जे से 10 देशी पिस्टलें मय मैग्जीन, दो जिंदा राउंड, एक लावा कंपनी का कीपैड मोबाइल और एमपी 46 एमएन 6672 नंबर की एचएफ डीलक्स बाइक बरामद की थी. उसके खिलाफ अपराध शाखा थाने में आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था. पूछताछ में हिरमल ने कबूला था कि उसने ये सभी हथियार अपने साथी आजाद सिंह भाटिया से लिए थे, जो उन्हें जंगलों में बनाता और सप्लाई करता है. तभी से क्राइम ब्रांच उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी. मुखबिर की सूचना पर आरोपी आजाद सिंह को गिरफ्तार कर लिया है. उसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि हथियार निर्माण में और कौन-कौन शामिल हैं, कहां-कहां सप्लाई की जाती थी और इस गिरोह के अन्य सदस्य कौन हैं. पुलिस ने कहा कि पूछताछ के बाद जल्द ही इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों पर भी कार्रवाई की जाएगी.

मस्जिद के बाहर दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प

इंदौर. आजाद नगर इलाके में उस समय तनाव फैल गया जब मस्जिद के बाहर पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई. दोनों ओर से बेल्ट, लकड़ी के डंडे, लात-घूंसे और कथित तौर पर नुकीले हथियार तक चले. घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. सैफ अली खान पिता अब्दुल रशीद नमाज पढ़कर पुरानी जेल के पीछे स्थित मस्जिद से बाहर निकले. तभी फरहान, आरिफ, अल्फेज और अमन ने उन्हें घेर लिया और पुराने विवाद की रिपोर्ट को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी. सैफ के मना करने पर आरिफ ने बेल्ट से उनके सिर पर हमला किया, अल्फेज ने लकड़ी के डंडे से पीठ पर मारा और अमन ने थप्पड़-मुक्कों से हमला किया. जाते-जाते उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी. उधर, दूसरे पक्ष के फरियादी अब्दुल रेहान पिता आशिक खान निवासी नेतराम बगीचा ने सैफ अली खान, अहमद, मोइन और दिशान के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है.

राजा रघुवंशी की मां बोली इंसाफ के भरोसे बैठे थे, अब दिल टूट गया

- तीसरे आरोपी को मिली जमानत पर राजा की मां ने दी प्रतिक्रिया

इंदौर. बेटे की हत्या के बाद इंसाफ की उम्मीद में बैठी मां का दिल उस वक्त टूट गया, जब शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड के तीसरे आरोपी को भी कोर्ट से जमानत मिल गई. बेटे की मौत के बाद से खुद को संभाल रहीं उमा रघुवंशी को जैसे ही यह खबर मिली कि कांट्रैक्टर शिलोम जेम्स को भी रिहाई मिल गई है, उनकी तबीयत बिगड़ गई.

परिजन ने बताया कि राजा की मां को भरोसा था कि बेटे की हत्या में शामिल किसी भी आरोपी को अदालत से राहत नहीं मिलेगी, लेकिन अब तीनों आरोपियों की जमानत हो चुकी है. कोर्ट के फैसले के बाद वे बेहद आहत हैं और सदमे की हालत में हैं. गौरतलब है कि

ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था. इसमें प्रॉपर्टी ब्रोकर शिलोम जेम्स, फ्लैट मालिक लोकेंद्र तोमर और सिक्योरिटी गार्ड बलवीर शामिल हैं. तीनों को अदालत से जमानत मिल चुकी है. मामले में परिजनों का कहना है कि हत्या की साजिश रचने वालों को इतनी आसानी से जमानत मिल जाना कहीं न कहीं सिस्टम पर भी सवाल उठाता है. वहीं राजा रघुवंशी के छोटे भाई ने कहा कि हम अब भी उम्मीद कर रहे हैं कि हमें न्याय मिलेगा, लेकिन हर आरोपी के छूटने के साथ यह भरोसा कमजोर होता जा रहा है.

मासूम ने खेलते-खेलते पी लिया कीटनाशक, मौत

इंदौर. खुड़ैल थाना क्षेत्र में रात एक डेढ़ साल के मासूम की जहरीला पदार्थ पी लेने से मौत हो गई. बच्चा खेलते-खेलते बरामदे में रखी कीटनाशक की बोतल मुंह में ले बैठा. कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी जान नहीं बच सकी.

खुड़ैल में एक हंसते-खेलते परिवार पर मातम छा गया, जब डेढ़ साल के प्रियांश की कीटनाशक पीने से मौत हो गई. घटना रात करीब डेढ़ बजे की है. प्रियांश घर के बाहर पड़ोसी बच्चों के साथ खेल रहा था, तभी उसने बरामदे में रखी कीटनाशक की बोतल उठा ली और मुंह में डाल दी. कुछ ही देर में उसके मुंह से खून निकलने लगा. यह देखकर उसकी मां घबरा गई और तत्काल उसे नजदीकी निजी अस्पताल ले जाया गया. वहां से हालत गंभीर होने पर एमवाय रेफर किया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी. रात करीब 11 बजे जब पिता ओमकार उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, तब तक डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. बच्चे को शुरू में निजी अस्पताल में आईसीयू में रखा गया था, लेकिन स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी. पिता ओमकार ने पुलिस को बताया कि वे बारदाना बनाने वाली एक कंपनी में काम करते हैं और मूल रूप से भिंड जिले के बरथरा गांव के रहने वाले हैं. करीब सात महीने पहले नौकरी के सिलसिले में वे इंदौर शिफ्ट हुए थे. प्रियांश के अलावा उनकी एक आठ साल की बेटी भी उनके साथ रहती है,

कर्ज में फंसे रेडीमेड व्यापारी ने जहर खाकर दी जान

मरने से पहले वीडियो में बोले- ब्याजखोरों ने जीना दुश्वार कर दिया

इंदौर. रेडीमेड कपड़ों का कारोबार करने वाले एक व्यापारी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. मरने से पहले उसने एक वीडियो बनाकर कुछ लोगों पर मानसिक प्रताड़ना और अत्यधिक ब्याज वसूलने के गंभीर आरोप लगाए हैं. पुलिस ने वीडियो जब्त कर जांच शुरू कर दी है.

रेडीमेड व्यापारी महेंद्र जाधव ने जिला अस्पताल के बाहर जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी. खुदकुशी से पहले उसने एक वीडियो बनाया, जिसमें उसने छह लोगों के नाम लेते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने उसे कर्ज लौटाने के बावजूद भारी ब्याज के बोझ तले दबा दिया था. महेंद्र ने वीडियो

में बताया कि उसने हेमंत वर्मा, आलोक जैन, जीतू चावला, पूनम, अरविंद परमार और कमल नाम के लोगों से करीब आठ महीने पहले रुपए उधार लिए थे. वह तय समय पर रकम लौटा रहा था, इसके बावजूद ये सभी लोग उससे लगातार अतिरिक्त ब्याज की मांग कर रहे थे. धमकियां दी जा रही थीं और मानसिक रूप से उसे बुरी तरह से परेशान किया जा रहा था. महेंद्र ने अपनी पत्नी और बच्चों से श्रीकृष्ण मार्केट जाने का कहकर घर से निकला और सीधे जिला अस्पताल पहुंचा. वहां डॉक्टर को उसने खुद जहर खाने की बात बताई. हालत बिगड़ने पर उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई. एमवाय अस्पताल से चंदन नगर पुलिस को सूचना दी गई.

सूदखोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

मामले में चंदन नगर थाना प्रभारी इंद्रमणी पटेल ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुरी भेजकर प्रकरण दर्ज कर लिया है . साथ ही व्यापारी द्वारा बनाए गए वीडियो को जांच में शामिल कर लिया है . महेंद्र के छोटे भाई जितेन्द्र ने पुलिस को बताया कि सुबह वह सामान्य रूप से घर से निकला था . दिनभर उसका कोई अता-पता नहीं मिला और शाम को उसकी मौत की खबर मिली . जितेन्द्र ने आरोपित सूदखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है . फिलहाल पुलिस वीडियो में दर्ज नामों और आरोपों की तस्दीक कर रही है . प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महेंद्र पर कोई बड़ा कर्ज नहीं था, लेकिन ब्याज की दरें इतनी ज्यादा थीं कि वह मानसिक रूप से टूट गया था . पुलिस आत्महत्या के पीछे के आर्थिक दबाव और प्रताड़ना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है .

मांस से भरी पिकअप की बजरंग दल ने की घेराबंदी

- ड्राइवर-क्लीनर को पुलिस ने लिया हिरासत में

इंदौर. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के कैलोद करताल बायपास पर उस समय हड़कंप मच गया, जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एक पिकअप वाहन में कथित रूप से गोमांस होने की सूचना पर घेराबंदी कर दी. वाहन नम्बर एमपी 09 एनडीजी 7489 को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन चालक ने नहीं रोका. इसके बाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने आगे से घेरकर वाहन को रोका और मांस से भरे कट्टों को देखकर जमकर नारेबाजी शुरू कर दी.

बजरंगियों का आरोप था कि वाहन में गोमांस ले जाया जा रहा था. सूचना मिलने पर तेजाजी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ के बीच से ड्राइवर व क्लीनर को सुरक्षित निकालकर थाने ले गई. इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ड्राइवर और

क्लीनर से मारपीट भी की, जिसे पुलिस ने बीच-बचाव कर रोका. पुलिस पूछताछ में चालक इरफान और क्लीनर आबिद ने बताया कि वे मांस महू से लाकर खजराना ले जा रहे थे. मांस किस जानवर का है, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है. पुलिस ने मांस जब्त कर जांच के लिए पशु चिकित्सा विभाग को सूचना दी है. रिपोर्ट आने के बाद ही यह तय हो सकेगा कि मांस किस प्रजाति का है. इस पूरे घटनाक्रम के बाद बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता तेजाजी नगर थाने पहुंच गए और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी की. फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी का कहना है कि मांस की लैब जांच कराई जाएगी और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

रेलवे स्टेशन पर लावारिस मिले मासूम

- जीआरपी पुलिस ने किया रेस्क्यू

इंदौर. सावन मास की भीड़भाड़ के बीच इंदौर रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक मानवीय पहल ने सभी का दिल छू लिया. प्लेटफार्म चेकिंग के दौरान जीआरपी इंदौर की टीम ने दो अबोध बच्चों को लावारिस अवस्था में पाया और तत्परता से रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से उनके पिता के सुपुर्द कर दिया.

रेल पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा पाठक एवं उप पुलिस अधीक्षक ज्योति शर्मा के मार्गदर्शन में स्टेशन परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है. जिसके तहत थाना प्रभारी के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक दशरथ मेहरा, आरक्षक श्याम जाट, आकाश यादव एवं महिला आरक्षक प्रीति कुंतल प्लेटफार्म नम्बर 5 और 6 पर ड्यूटी कर रहे थे. चेकिंग के दौरान उन्हें एक

लगभग 3 वर्षीय बालक और 2 वर्षीय बालिका असहाय हालत में बैठे मिले, जो अपने परिजनों के बारे में कुछ नहीं बता पा रहे थे. मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए महिला ऊर्जा हेल्प डेस्क प्रभारी एएसआई बन्नो सोलंकी ने बच्चों से बातचीत की. बच्चों के हाथों पर लिखे मोबाइल नंबर के आधार पर संपर्क करने पर जानकारी मिली कि वे गुना निवासी छोटेलाल चंदेल के पुत्र-पुत्री हैं. बताया गया कि बच्चों की मां 15 जुलाई को दोनों को साथ लेकर घर से निकल गई थी और इस मामले में थाना कैंट, जिला गुना में गुमशुदगी दर्ज है. जीआरपी इंदौर ने तत्काल थाना कैंट को सूचना दी और बच्चों के परिजनों से संपर्क किया. कुछ ही देर में पिता छोटेलाल और गुना पुलिस का स्टाफ इंदौर जीआरपी थाना पहुंचा. जहां दोनों बच्चों को सुरक्षित उनके पिता को सौंप दिया.

पहचान छिपाकर की शादी, निकाह पढ़वाया फिर ससुर ने किया गलत काम

इंदौर. सांवेर क्षेत्र में लव जिहाद से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. एक महिला ने पति और ससुर पर धर्म परिवर्तन, गलत काम और अप्राकृतिक कृत्य और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं. हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं की मदद से पीड़िता थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई है.

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी मुलाकात आरोपी युवक से 2017 में हुई थी. उसने अपनी असली पहचान छिपाकर प्रेमजाल में फंसाया और कोर्ट मैरिज कर ली. शादी के बाद उसका नाम बदलकर निकाह पढ़वाया गया और असलियत सामने आने पर पति ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया. पति न केवल मारपीट करता था बल्कि उसे अप्राकृतिक संबंध के लिए मजबूर करता रहा. कुछ समय बाद वह मायके लौट गई, लेकिन जब हाल ही में बच्चों से मिलने ससुराल पहुंची तो ससुर ने अकेला पाकर बलात्कार किया और बच्चों को जान से मारने की धमकी दी.

पीड़िता ने कहा कि पति ने भी फोन पर जान से मारने की धमकी दी. उसने आखिरकार अपने गुरु भाई को घटनाक्रम बताया और उनकी मदद से पुलिस तक पहुंची. विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल के जिला सहमंत्री राहुल वैष्णव ने इस मामले में बयान जारी कर कहा है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और पीड़िता व उसके बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

वर्कशॉप एमजीएम मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक्स सर्जरी वर्कशॉप संपन्न हुई

अत्याधुनिक सर्जिकल तकनीकों की दी जानकारी

इंदौर. महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय रोबोटिक्स सर्जरी वर्कशॉप का शनिवार को समापन हुआ. इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को अत्याधुनिक सर्जिकल तकनीकों की न केवल जानकारी दी गई, बल्कि उन्हें रोबोटिक सर्जरी से जुड़ी हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी गई.

कार्यशाला का आयोजन कॉलेज के जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी और स्त्री रोग विभाग द्वारा एएसआई एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया इंदौर सिटी चैप्टर के सहयोग से किया. कार्यक्रम का नेतृत्व डीन एवं संरक्षक डॉ. अरविंद घनघोरिया के मार्गदर्शन में हुआ. उन्होंने समापन सत्र में कहा कि आने वाला समय रोबोटिक सर्जरी का है, क्योंकि यह पारंपरिक सर्जरी

की तुलना में ज्यादा सटीक, कम इनवेसिव और तेज रिकवरी देने वाली तकनीक है. उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला भारतीय स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक बड़ा कदम है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला रहे, जबकि डॉ. आर के माथुर को गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आमंत्रित किया. कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान के अलावा प्रतिभागियों को उन्नत रोबोटिक सर्जिकल सेटअप पर प्रत्यक्ष अनुभव कराया. इस अवसर पर विभिन्न मेडिकल संस्थानों से आए रेजिडेंट डॉक्टरों, फैकल्टी मेंबर्स और विद्यार्थियों ने भाग लिया. विशेषज्ञों ने उन्हें यह भी बताया कि किस तरह रोबोटिक तकनीक को क्लीनिकल प्रैक्टिस का हिस्सा बनाना भविष्य की चिकित्सा का अनिवार्य अंग बन जाएगा. डॉ. घनघोरिया ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं न केवल डॉक्टरों के तकनीकी कौशल को बढ़ाती हैं, बल्कि मरीजों को भी बेहतर उपचार और कम जटिलताओं के साथ शीघ्र स्वस्थ होने का अवसर देती हैं.